प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर प्रवास पर, 'कृषि मंथन 2026' कार्यशाला में होंगे शामिल।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर दो हफ्ते के लिए बमबारी और हमले रोके, होर्मुज स्ट्रेट खोलने की रखी शर्त।
- विदेश सचिव विक्रम मिसरी तीन दिवसीय यात्रा पर आज वाशिंगटन पहुंचेंगे, व्यापार और रक्षा समेत कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा।
- रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक राष्ट्रीय कृषि मेला, ड्रोन तकनीक और आधुनिक खेती के लाइव डेमो से किसान होंगे लाभान्वित।

## मुख्यमंत्री जबलपुर प्रवास

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। डॉ. यादव जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय विचार मंथन कार्यशाला कृषि मंथन 2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री, जबलपुर में मानस भवन और साकेत वाटिका में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगें।

## अमेरिका— ईरान सीजफायर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर 2 हफ्तों के लिए हमले रोकने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर बताया कि ईरान की तरफ से तुरंत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने की शर्त पर बमबारी और हमले दो हफ्ते के लिए स्थगित करने के लिए राजी हूं। ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर के अपील के बाद लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ईरान से 10 पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। अगले दो हफ्ते समझौते को अंतिम रूप देने और उसे लागू करने के लिए जरूरी होगा।

## केंद्र सरकार — एलपीजी

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है।

संयुक्त सचिव ने बताया कि सरकार ने पांच किलो के एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री दोगुना करने का नया आदेश जारी किया है। फरवरी में इन सिलेंडरों की औसत प्रतिदिन बिक्री लगभग 77 हजार सिलेंडर थी, जो अब बढ़कर लगभग एक लाख हो गई है।

## कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16 हजार 720 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। किसानों के लिए गेहूं खरीदी अब 9 अप्रैल से शुरू होगी. वहीं चना—मसूर खरीदी के लिए 3 हजार 174 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। अनुसूचित जाति के छात्रों को दिल्ली में उच्च शिक्षा के लिए हर माह 10 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन में नए एयरपोर्ट के निर्माण को भी मंजूरी मिली है।

विदेश सचिव– अमरीका यात्रा

विदेश सचिव विक्रम मिसरी अमरीका की तीन दिन की यात्रा पर आज वाशिंगटन डीसी पहुंचेगे। इस दौरान वे अमरीका के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। इनमें व्यापार, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और आपसी हित के मुद्दे शामिल है। विदेश सचिव क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाओं पर भी बातचीत करेंगे।

एमपी पुलिस– बड़ी कार्रवाई

प्रदेश पुलिस ने बीते एक सप्ताह में संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद की। इंदौर के नेशनल हाईवे पर हुई लूट के दोनों आरोपियों को एसआईटी ने राजस्थान के अजमेर से पकड़ा और 31 लाख से ज्यादा की संपत्ति जब्त की। थाना कनाडिया पुलिस ने ड्रोन से निगरानी कर हरियाणा के गुड़गांव से अंतर्राज्यीय बदमाश को दबोचा और 25 लाख की चोरी का माल बरामद किया। वहीं टीकमगढ़ में चोरी के गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 18 लाख 88 हजार रुपये की संपत्ति जप्त की गई।

इंदौर– अंगदान

इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने शहर के अस्पताल संचालकों की बैठक लेकर अंगदान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंदौर को सिर्फ प्रदेश में नहीं, बल्कि पूरे देश में अंगदान में अव्वल बनाना है। सभी अस्पतालों में ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर नियुक्त करने और जिलों के बीच एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रायसेन– तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला

रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक दशहरा मैदान में राष्ट्रीय कृषि मेले का आयोजन हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से आयोजित इस मेले में ड्रोन तकनीक, हाइड्रोपोनिक्स और प्रिसिजन फार्मिंग के लाइव मॉडल दिखाए जाएंगे। 300 से अधिक स्टॉल्स के साथ कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक खेती और आय बढ़ाने के तरीकों पर प्रशिक्षण देंगे। समापन सत्र में रायसेन, विदिशा और सीहोर जिलों के लिए कृषि रोडमैप भी जारी किया जाएगा।

भाजपा– गांव बस्ती चलो अभियान

भाजपा ने प्रदेश भर में 'गांव–बस्ती चलो' अभियान शुरू किया है। यह अभियान 12 अप्रैल तक प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों में चलेगा। इस दौरान मंत्री, सांसद और विधायक हर निर्वाचन क्षेत्र के 50 गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बैठकें कर सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे।

शबरीमला मंदिर– सुप्रीम कोर्ट सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय में नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने शबरीमला मंदिर सहित, धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कल से शुरू कर दी है। सुनवाई से पहले, केंद्र ने लिखित दलीलें प्रस्तुत करते हुए न्यायालय से आग्रह किया कि वह मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के शबरीमला मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध को जारी रखे।

अंबेडकर जयंती

प्रदेश में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम आज से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। सभी जिला मुख्यालयों और विकासखंडों में ये कार्यक्रम होंगे, जबकि राज्य स्तरीय आयोजन भिंड में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रभारी मंत्रियों को अपने–अपने जिलों में कार्यक्रमों का समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हैं। साथ ही संत रविदास जयंती वर्ष के तहत मार्च 2027 तक पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आईपीएल

आईपीएल में कल गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच 11–11 ओवर का हुआ, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 150 रन बनाए, जिसमें यशस्वी जायसवाल ने सिर्फ 32 गेंद में 77 रन की नाबाद पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी ने भी 14 गेंद में 39 रन की धमाकेदार पारी खेली। जवाब में मुंबई की टीम संदीप शर्मा की 3 विकेट की गेंदबाजी के सामने 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी। जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मौसम

प्रदेश के ऊपरी हिस्से में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव होने से आंधी–बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। मौसम विभाग भोपाल ने आज दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, रीवा समेत 18 जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- कटनी के कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना और मसूर खरीदी के दौरान किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।
- खण्डवा में नगर निगम चुनाव 2022 के 23 पार्षद अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित किया है। इन अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा में निर्वाचन व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया था।
- इंदौर जिले में भू–जल स्तर में गिरावट को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर आगामी 30 जून 2026 तक के लिए प्रतिबंध लगाया है।
- झाबुआ जिले में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के तहत 8वीं पास, 18 से 45 वर्ष तक के युवक–युवतियां, जिनके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से कम है, आवेदन कर सकते हैं।
- आत्मा परियोजना के तहत डिंडोरी जिले के कृषकों के लिए राज्य के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में कृषकों का दल प्रशिक्षण के लिए नागपुर के एक गो विज्ञान अनुसंधान पहुंचा।
- आगरमालवा जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई जनसुनवाई में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास आदि से संबंधित 81 आवेदनों पर सुनवाई की गई।

———————————